GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com



# CRITERION - VII

# INSTITUTIONAL VALUES AND BEST PRACTICES

## 7.1

## Institutional Values and Social Responsibilities

GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

Ref. No. Sagar, Date 01/08/2024

# DECLARATION

The information, reports, true copies of the supporting documents, numerical data etc. furnished in this file are verified and found correct.

Dr. Anand Tiwari
Principal

# Independence Day Celebrations

| S.No. | Component/Activities | Details of event |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department / Unit / Agency: | 11 MP BN NCC SAGAR |
| 2 | Name of the Activity: | Independence Day Celebrations |
| 3 | Date and Year of the Activity: | 15.08.2019 |
| 4 | Number of Students Participated in the activity: | 44 |
| 5 | Report of the Activity | It was a red letter day in the history of India when the country got her freedom on August 15, 1947. It took hundreds of years for us to break the shackles of slavery. People of the country celebrated this festival every year with great pomp and show.<br>Our college also celebrates this festival every year. For this year, we had made all the preparation. In the morning NCC cadets of our college marched out in a procession through the main streets of the town. |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | Media Report of Activity: |   |

(Lt. Dr. Anshu Soni)
NCC Officer

# NCC DAY CELEBRATION

| S.No. | Component/Activities | Details of event |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department / Unit / Agency: | 11 MP BN NCC HSC SAGAR |
| 2 | Name of the Activity: | NCC DAY |
| 3 | Date and Year of the Activity: | 24.11.2019 |
| 4 | Number of Students Participated in the activity: | 47 |
| 5 | Report of the Activity | The National Cadet Corps came into existence on 16th July 1948 under the NCC Act XXXVI of 1948 under the Ministry of Defense. The Motto of the NCC is 'Unity and Discipline' which was adopted on 23rd December 1957. Standing up to its motto, the NCC strives to be and is one of the greatest cohesive forces of our nation, bringing together the youth hailing from different parts of our country and molding them into united , secular and disciplined citizens of our nation. Training in NCC insists on qualities like nationalism, patriotism, discipline, team spirit, leadership, and self-confidence and promotes overall personality development.<br>Impact of the Activity:<br>The establishment and functioning of the National Cadet Corps (NCC) have had a significant impact on the youth and the nation as a whole:<br>Fostering Unity and Discipline: The motto of the NCC, "Unity and Discipline," has played a crucial role in instilling a sense of unity among cadets from diverse backgrounds. It promotes a strong bond among young individuals, regardless of their regional, cultural, or religious differences.<br>Nation-Building: The NCC actively contributes to nation-building by shaping young minds into responsible and disciplined citizens. The training and activities emphasize qualities like nationalism and patriotism, instilling a sense of duty and responsibility |

| | | |
|---|---|---|
| | | towards the nation.<br>**Youth Development:** The NCC focuses on the holistic development of the youth. Through various training programs, it nurtures leadership skills, self-confidence, and teamwork, enabling cadets to face challenges with determination and resilience.<br>Character Building: The NCC's emphasis on discipline, ethics, and values plays a vital role in building strong character traits in the cadets. It encourages them to become morally upright individuals with a sense of integrity.<br>Secularism and inclusivity: NCC promotes secularism and inclusivity by providing a platform where cadets from different religious and cultural backgrounds come together, fostering understanding and respect for diversity.<br>Leadership Development: NCC training nurtures leadership qualities, preparing young cadets to take on leadership roles not only within the NCC but also in various spheres of life.<br>Contribution to Defense Preparedness: NCC instills a sense of duty and responsibility towards the nation's defense and helps in developing a pool of disciplined and dedicated youth who can contribute to the nation's security if required.<br>Community Engagement: NCC activities often involve community service and social initiatives. Cadets actively participate in various community development projects, contributing to social welfare and environmental conservation.Future-ready Citizens: The overall personality development and skill-building imparted through NCC training equip cadets to become future-ready individuals capable of facing the challenges of the modern world.<br>Positive Impact on Society: NCC cadets, after completing their training, carry the values imbibed during their NCC journey into society. They become responsible citizens who actively contribute to the betterment of society.<br>Overall, the impact of the NCC as an organization has been instrumental in shaping the character and values of thousands of young individuals, fostering a sense of unity, discipline, and patriotism. The NCC continues to play a vital role in developing the youth of the nation into capable and responsible citizens, thereby contributing to the growth and progress of India. |

(Lt. Dr. Anshu Soni)
NCC Officer

# NSS Day


राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई – 1
शा. स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय सागर (म.प्र.)


SPORTS
FIT INDIA MOVEMENT
NO Smoking
realme
Shot by solanki ji

# Report of the Activity : NSS Day

Celebrating 52nd Foundation Day of NSS: A Day of Cleanliness and Commitment No. of Students:- 55

No. of Teachers:-81

The 52nd Foundation Day of the National Service Scheme (NSS) was commemorated on September 24th, 2021, with a series of impactful activities aimed at promoting cleanliness, environmental consciousness, and community engagement. This significant day provided an opportunity for NSS volunteers to contribute meaningfully to their college campus and reaffirm their commitment to social responsibility.

**Event Highlights:**

The NSS Day celebrations were marked by a range of activities that demonstrated the dedication and enthusiasm of the volunteers towards creating a cleaner and more sustainable environment.

Cleanliness Drive and Polythene-Free Campus:

Swachh Abhiyan Programme: Volunteers actively participated in a cleanliness drive within the college premises, taking up brooms and dustpans to clean various areas.

Polythene-Free Campus: The volunteers were instrumental in raising awareness and ensuring a polythene-free campus. They engaged in the collection and proper disposal of polythene waste.

Clean-Up Zones: Main Entrance and Main Office: Volunteers conducted a thorough cleanliness drive at the main entrance of the college and in front of the main office building.

Departmental Areas: Different departments of the college received attention as volunteers worked diligently to maintain clean and organized spaces.

Poster Making Competition: A poster making competition saw enthusiastic participation from 60 volunteers. Their creative expressions conveyed messages of cleanliness, environmental conservation, and civic responsibility.

Pledge and Promise: Volunteers took a solemn pledge to maintain the cleanliness of the campus and its surroundings, committing themselves to uphold the spirit of service and responsibility.

Words of Encouragement:

Principal, and Administrative Officer, acknowledged the dedicated efforts of the NSS volunteers. They provided inspirational insights and blessings, reinforcing the importance of community service and environmental care.

Guidance and Coordination:

The seamless execution of the NSS Day activities was made possible under the guidance of the Principal & Additional Director Sagar Division. The meticulous planning and coordination by Dr. Sarita Jain and Dr. Bhawana Ramaiya ensured the success of the event.

The 52nd Foundation Day of NSS was not only a celebration of the organization's legacy but also a reaffirmation of the commitment of NSS volunteers towards community service, environmental preservation, and responsible citizenship. By actively engaging in the cleanliness drive and promoting a polythene-free campus, the volunteers demonstrated their dedication to creating a better and cleaner world.

**Appreciation:**

We extend our heartfelt appreciation to all the volunteers, faculty members, and organizers who contributed to the success of the NSS Day celebrations. Your collective efforts and commitment have made a positive impact and set an inspiring example for others.

Dr. Sarita Jain

Dr. Bhawana Ramaiya

# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com


## cfV;k dk Mjdj ugh MVdj lkeuk djuk g

सागर दिनाक 24 जनवरी 2022, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज प्रत्येक बालिका को यह आवश्यकता है कि वह समाज में व्याप्त रूढ़ियों एवं बुराइयों का डरकर नहीं डटकर सामना करे। मैं अपने महाविद्यालय की सभी छात्राओं से यही अपेक्षा करती हूँ। इस नृत्य नाटिका का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 डॉ. अपर्णा चाचोंदिया द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि छात्रायें भविष्य में भी इस तरह के जन कल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रदर्शन द्वारा समाज को जागरूक करती रहें। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2 डॉ. भावना रमैया ने कहा कि लड़कियों की आत्मनिर्भरता ही उनका आत्म सम्मान है। छात्राओं ने नृत्य नाटिका के माध्यम से सभी बेटियों को यह संदेश दिया गया है कि उन्हें केवल अपने घर की चार दीवारी में ही कैद होकर नहीं रहना है बल्कि स्वच्छंद होकर समाज में अपनी एक पहचान बनाना है। प्रतिभागियों में नेहा यादव, सपना प्रजापति, बाला जैन, ऋषिका चौरसिया, मनस्वी नेमा, साक्षी सोनी, विधि ठाकुर, अमृता सिंह, निकिता बंसल,नेहा अहिरवार, कशिश विश्वकर्मा, शिवानी सोनी, नंदिनी केशरवानी, बसंती चढ़ार, रूचि चौबे , बबीता विश्वकर्मा, लेखा सोनी आदि ने प्रस्तुती दी।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. संजय खरे, डॉ. भावना रमैया, डॉ. अंशु सोनी, डॉ. आशीष रैकवार, डॉ. कल्याण सुंदर सोम उपस्थित रहे।

## BALIKA DIWAS

## DATE : 24.01.2022



07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com






GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)

GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

## ,Dlhyl xYll dkyt e cl r iprh lekjkg lEiUu

सागर दिनाक 05 फरवरी 2022, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में माँ सरस्वती प्रकटोत्सव एवं बसंत पंचमी समारोह बड़ी धूम–धाम से सम्पन्न हुआ। समारोह का श्रीगणेश सरस्वती पूजन एवं वंदन से हुआ। रासेयो इकाई प्रथम की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता जैन ने आज के कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। इस भव्य समारोह में संगीत विभाग द्वारा लय–सुर– ताल बद्ध सरस्वती वंदना प्रस्तुत की बाला जैन एवं छात्रा अतिति गौतम, अवनि ठाकुर, कृष्णा पटैल, मेधा जाटव, मुस्कान पटैरिया द्वारा मनोहारी गीतों पर नृत्य प्रस्तुति दी गई। समारोह के इस अवसर पर नृत्य विभाग की छात्राओं ने मनोहारी कत्थक एवं भाव नृत्य प्रस्तुत किया। सभी प्रस्तुतियों की सभागार में उपस्थित श्रोताओं ने मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि बसंत पंचती गुप्त नवरात्रि की पंचमी तिथि पर हम मना रहे हैं। बुद्धि एवं विद्या दायिनी माँ सरस्वती का आज प्रकटोत्सव मनाया जा रहा है। माँ भगवती का वरदहस्त हम सभी पर बना रहे यही हमारी प्रार्थना है। बसंतोत्सव के इस अवसर पर कार्यक्रम की प्रस्तुति संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. हरिओम सोनी एवं डॉ. प्रेमकुमार चतुर्वेदी तथा नृत्य विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा चाचोंदिया द्वारा संयुक्त रूप से कराई गई। छात्राओं में आयुषी कुशवाहा, मिनि व्यास, रूचि चौबे, निकिता योगी, शिवानी सोनी, सपना प्रजापति, नेहा अहिरवार, नंदिनी केशरवानी, शालिनी सेन, प्रियंका तिवारी, ज्योति दीवान, राखी विश्वकर्मा सहित अनेक छात्राओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. आशा पाराशर एवं डॉ. शैलेश आचार्य सहित महाविद्यालय का समस्त परिवार उपस्थित रहा।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. श्वेता ओझा ने किया एवं डॉ. प्रेम कुमार चतुर्वेदी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## BASANT PANCHMI CELEBRATION

## DATE : 05.02.2022



GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)

GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

## HOLI MILAN

## DATE : 18.03.2022









GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

## ^vkun vUreu d l[kn ,glkl dh vuHkfr g*

सागर दिनांक 29 मार्च 2022 शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में 29 मार्च 2022 को छात्रसंघ द्वारा आयोजित आनंद उत्सव मेला के शुभांरभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर के संवेदनशील एवं सक्रिय विधायक श्री शैलेन्द्र जैन ने छात्राओं को उद्‍बोधित करते हुए कहा आनंद का विषय भौतिकता से परे है सड़क पर मजदूरी करने के पश्चात् प्याज के साथ रोटी का आनंद छप्पन भोग से भी बढ़कर होता है। महाविद्यालय में अध्ययन का समय भी स्वर्णिम आनंद की अनुभूति का समय है। छात्राऐं आत्मनिर्भरता के लिए व्यवहारिक शिक्षण भी प्राप्त कर रही है यह भी आनंद का विषय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि श्री शैलेन्द्र भैया विधायक जी का महाविद्यालय के लिए सकारात्मक भाव हमारे लिए गौरव का विषय है। महाविद्यालय की प्रत्येक गतिविधि पर शैलेन्द्र जी विशेष ध्यान रखते हैं इसलिए महाविद्यालय विकास की राह पर निरंतर अग्रसर है। आनंद उत्सव मेला की आयोजन प्रभारी डॉ. निशा इंद्रगुरू ने स्वागत उद्‍बोधन में कहा कि मेला स्किल इंडिया मिशन का प्रयोग है। प्रधानमंत्री मोदी जी की आत्मनिर्भर भारत योजना को साकर करने के लिए छात्राओं को बाजार की व्यावहारिक प्रक्रिया के अनुभव हेतु मेला आयोजित किया गया है। मेले में साठ स्टॉल लगाए गए जिसमें 48 छात्राओं द्वारा एवं बाहर के मात्र 12 स्टॉल लगाए गए। अन्य सभी छात्राओं ने मेले में आनंद का अनुभव किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अजंना चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की लोकल फार वोकल योजना को सार्थक करते हुए छात्राओं ने स्वयं द्वारा निर्मित वस्तुओं को उत्साहपूर्वक विक्रय किया एवं आत्मनिर्भरता का पाठ सीखा। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि बाजार प्रतियोगिता का अनुभव हो इसलिए कुछ बाहरी व्यवसायी भी शामिल किए गए है। छात्राओं के प्रयास सार्थक होगे ऐसा पूर्ण विश्वास है। धन्यवाद देते हुए डॉ. रश्मि दुबे ने कहा माननीय विधायक जी महाविद्यालय में हमारे आमंत्रण को स्वीकार कर सहज रूप से आते है तो महाविद्यालय का सम्पूर्ण वातावरण सकारात्मक हो जाता है और छात्राऐं बहुत प्रसन्नता की अनुभूति करती है। महाविद्यालय में आयोजन का प्रारंभ माँ सरस्वती का पूजन सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ विधायक जी ने किया। नृत्य विभाग की छात्रा नंदनी ने डॉ. अपर्णा चाचौंदिया के निर्देशन में गणेश वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद बोहरे, डॉ. एन.एस. ठाकुर, डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. रजनी दुबे, डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव, डॉ. शक्ति जैन, डॉ. संजय खरे, डॉ. एस.के. गुप्ता, डॉ. अपर्णा चाचौंदिया, डॉ. सरिता जैन, डॉ. भावना रमैया, डॉ. रश्मि मलैया एवं महाविद्यालय के सभी सदस्य तथा अधिकाधिक संख्या में छात्राऐं उपस्थित रही।

GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

# ANAND UTSAV MELA
## DATE : 29.03.2022






# आनंद अन्तर्मन के सुखद एहसास की अनुभूति है: विधायक शैलेन्द्र जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में 29 मार्च 2022 को छात्रसंघ द्वारा आयोजित आनंद उत्सव मेला के शुभांरभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर के संवेदनशील एवं सक्रिय विधायक शैलेन्द्र जैन ने छात्राओं को उद्बोधित करते हुए कहा आनंद का विषय भौतिकता से परे है। सड़क पर मजदूरी करने के पश्चात प्याज के साथ रोटी का आनंद छप्पन भोग से भी बढ़कर होता है।

महाविद्यालय में अध्ययन का समय भी स्वर्णिम आनंद की अनुभूति का समय है। छात्राऐं आत्मनिर्भरता के लिए व्यवहारिक शिक्षण भी प्राप्त कर रही है यह भी आनंद का विषय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि शैलेन्द्र भैया का महाविद्यालय के लिए सकारात्मक भाव हमारे लिए गौरव का विषय है। आनंद उत्सव मेला की आयोजन प्रभारी डॉ. निशा इंद्रगुरू ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि मेला स्किल इंडिया मिशन का प्रयोग है। प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत योजना को साकर करने के लिए छात्राओं को बाजार की व्यावहारिक प्रक्रिया के अनुभव हेतु मेला आयोजित किया गया है। मेले में साठ स्टॉल लगाए गए जिसमें 48 छात्राओं द्वारा एवं बाहर के मात्र 12 स्टॉल लगाए गए। अन्य सभी छात्राओं ने मेले में आनंद का अनुभव किया। डॉ. अजंना चतुर्वेदी ने कहा कि पीएम की लोकल फार वोकल योजना को सार्थक करते हुए छात्राओं ने स्वयं द्वारा निर्मित वस्तुओं को विक्रय किया एवं आत्मनिर्भरता का पाठ सीखा।

GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

# idfr dk tc jgxk /;ku] rHkh cuxk n'k egku

सागर जून 2022 शासकीय स्नात्तकोत्तर कन्या महाविद्यालय सागर प्राचार्य डॉ. इला तिवारी के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण क्लब (इको क्लब) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान मे महाविद्यालय के वृक्षारोपण एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने पौधा रोपित कर छात्रों को संदेश दिया कि पौधा से हमारा जीवन है एवं इसका संरक्षण करना हमारा दायित्व है। इस क्लब की प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा कि मानव जाति एवं सम्यता के अस्तित्व  के लिये पौधों के प्रति जागरूकता जरूरी है एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता जैन ने कहा हम हमेशा पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देते रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अपर्णा चाचोंदिया ने कहा कि आज हम सब शपथ ले के हम प्रत्येक वर्ष में एक पौधा अवश्य लगायेगें। इस अवसर पर श्री सिंधु संस्कार समिति के संरक्षण श्री राजेश मनमानी एवं सचिव सुरेश मोहनानी ने पौधे दान किये। प्राचार्य डॉ. इला तिवारी द्वारा पौधा संरक्षण पर शपथ दिलायी गई। शासकीय महाविद्यालय पथरिया डॉ. प्रशांत सोनी ने पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी नेहा यादव, पूजा, नाजमीन, साक्षी विश्वकर्मा, कशिश, शिवानी ने ड्रामा के प्रस्तुतिकरण द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया  माध्यम से पर्यावरण संरक्षण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर सौम्या शालनी, तमन्ना छात्राओं सहित डॉ. सिम्मी जैन, डॉ. सिद्वार्थ सिंह, श्री भूपेंन्द्र अहिरवार, सपना राजौरिया, नरगिस खान, अमिता विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।  छात्राओं द्वारा 50 पौधों का रोपण भी किया गया ।

# ENVIRONMENT ACTIVITY
## DATE : 04.06.2022





GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

# INDENDENCE DAY CELEBARATION

## DATE : 15.08.2021




शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महावि
सागर (म.प्र.)



# MADHYRA PRADESH STHAPANA DIWAS






GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

# SAMVIDHAN DIWAS

## ,Dlhyl xYll dkyst e *lfo/kku fnol* ij 0;k[;ku ekyk vk;kftr

सागर, 25.11.2022 को शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया शुभारंभ प्राचार्य एवं अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती एवं डॉ. सर हरिसिंह गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में रूपरेखा प्रस्तुत करते हुये डॉ. अंशु सोनी ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों, आदर्शों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना के विकास एवं संविधान के प्रति जागरूकता हेतु संविधान दिवस मनाया जाता है। जो नागरिकों को अपने कर्त्तव्यों के पालन हेतु सजग बनाता है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने सागर को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करने के लिए डॉ हरिसिंह गौर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुये कहा कि संविधान सभा के सदस्यों के द्वारा जिन उच्च आदर्शों की स्थापना को लेकर संविधान की रचना की गई उसके अनुरूप हम समस्त भारत के लोगों को आचरण करना चाहिए यही इस संविधान दिवस की सार्थकता होगी। विषय विशेषज्ञ डॉ. सर्वेश्वर उपाध्याय ने मौलिक अधिकारों पर प्रकाश डालते हुये अनुच्छेद 32 को संविधान की आत्मा बताया जिसके कारण मौलिक अधिकारों का संरक्षण संभव हुआ हैं। केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर से पधारी विषय विशेषज्ञ डॉ. नेहा निरंजन ने प्रस्तावना के दार्शनिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुये कहा कि भारतीय संविधान देश का पथ–प्रदर्शक है और प्रस्तावना उसका दर्शन है। इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष डॉ. सुनीता त्रिपाठी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर और संविधान सभा के द्वारा जो संविधान बनाया गया उसके द्वारा ही भारत राष्ट्र उच्च मूल्य एवं उत्तरोत्तर विकास को प्राप्त कर रहा है। व्याख्यान माला का कुशल संचालन करते हुये डॉ. रजनी दुबे ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व के श्रेष्ठतम् संविधानों में से एक है जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को चलाने में सक्षम है। कार्यक्रम के अंत में आभार डॉ. प्रहलाद सिंह अहिरवार ने व्यक्त किया इस अवसर पर डॉ. रेणु बाला शर्मा, डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. संजय खरे, डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. ए. एच. अंसारी, डॉ. सरिता जैन, डॉ. रश्मि मलैया, डॉ. उमाशंकर वर्मा डॉ. मनीष जैन, श्री दिनेश पाण्डेय, श्री शैलेन्द्र पटैल एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता रही।



शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता
महाविद्यालय सागर (म.प्र.)
आयोजक
राजनीति विज्ञान विभाग
संविधान दिवस 26 नम्बवर
प्राचार्य
अमृत महोत्सव
उत्कृष्टता




# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

## HAR GHAR TIRANGA

### gj ?kj esa frjaxk ygjk;saxs] vktknh dk ve`r egksRlo euk;saxs

सागर 4 अगस्त 2022, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में 'हर घर तिरंगा अभियान' के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। प्राचार्य डॉ. इला तिवारी के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता जैन, डॉ. भावना रमैया तथा डॉ. अपर्णा चाचोंदिया के निर्देशन में आज महाविद्यालय में स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी युवा वर्ग का यह दायित्व है कि आजादी के महत्व को समझें और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलायें। उन्होंने छात्राओं को वायुदूत एवं ऊर्जा संरक्षण एप की जानकारी दी। आजादी का अमृत महोत्सव प्रभारी डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये एवं उपस्थित छात्राओं को घर–घर तिरंगे लगाने हेतु प्रेरित किया। रासेयो के स्वयं सेवकों की सहायता से सभी छात्राओं को उनके मोबाइल फोन पर वायुदूत एवं ऊर्जा संरक्षण एपा डाउनलोड करवाये गये।

महाविद्यालय में आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नेहा लोधी, द्वितीय स्थान पर नाजमीन बानो एवं रूचि कुशवाहा, तृतीय स्थान पर दुर्गादेवी अहिरवार एवं देवकी पटैल एवं चतुर्थ स्थान पर नेहा अहिरवार रहीं। इसके अतिरिक्त रोशनी सूर्यवंशी, सालिया खान, प्रीति लोधी, सजना लोधी ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर हनी गुप्ता द्वितीय स्थान पर नेहा यादव एवं तृतीय स्थान पर पूजा श्रीवास्तव रहीं। स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका डॉ. सुनील श्रीवास्तव, डॉ. नरेन्द्र सिंह ठाकुर एवं डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव ने पूर्ण की।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ. संजय खरे, डॉ. अंशु सोनी, एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. की छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।



Govt. Auto. Girls P.G. College of Excellence, Sagar (M.P.)




NATIONAL SERVICE SCHEME
Community



"हमारे देश की शान तिरंगा"
घर-घर मे तिरंगा हम लहरायेगे!
आजादी का अमृत महोत्सव मनायेगे ।।
लहरा लो तिरंगा, ये भारत की शान !
इसमे बसी है देखो, हम भारतीयो की जान ।।
करो सलाम तिरंगे को, यही हमारी शान है!
हर घर मे तिरंगा लहरायेगे, यही हमारी पहचान है।।
देश की प्रगति को राह पर ले आयेगे!
देश के हर घर मे तिरंगा लहरायेगे ।।
स्लोगन प्रतियोगिता III




## TEACHER'S DAY

## J"B iqLrdksa ds va'k dk okpu

सागर दिनांक 06 सितंबर 2022 शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में शिक्षक दिवस के आयोजन की श्रृखला में द्वितीय दिवस छात्राओं को श्रेष्ठ पुस्तकों के अंश पढ़ाए गए। इसी तारतम्य में ''भारत के राष्ट्रपति'' नामक पुस्तक के एक अंश – ''पूरी दुनिया ईश्वर की उत्पत्ति है।'' का वाचन शालिनी विश्वकर्मा द्वारा तथा एक द्वितीय अंश – ''किस रूप में याद रखे जाने की आपकी आकांक्षा है।'' का वाचन कुमारी दिव्या द्वारा किया गया। इसी प्रकार छात्रा कु. प्रियंका दुबे ने ''युग दृष्टा विवेकानंद'' नामक पुस्तक के अंश – ''निस्वार्थ भाव से जरूरतमंद की सहायता करना ही ईश्वर की सच्ची सेवा है।'' का वाचन किया। आयोजन प्रभारी डॉ. ए.एच. अंसारी ने विश्व की प्रसिद्ध पुस्तकों के प्रेरक अंश का वाचन किया एवं छात्राओं को सकारात्मक जीवन हेतु प्रेरित किया। डॉ. प्रतिमा खरे ने विवेकानंद के जीवन से जुड़े प्रसंग की चर्चा की। डॉ. सरिता जैन ने कहा कि ''पुस्तकों का एक अलग संसार होता है। आप अच्छी पुस्तकें पढ़ें, जो आपके जीवन की दिशा निर्धारित करेंगी।'' डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा ''पुस्तकालय जाने की आदत बनायें।'' प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा ''पुस्तकें सबसे अच्छी मित्र होती हैं। जहाँ उनसे आपके समय का सदुपयोग होता है, वहीं वे आपको दिग्भ्रमित होने से भी बचाती हैं।'' डॉ. प्रहलाद अहिरवार ने छात्राओं को सर्वश्रेष्ठ पुस्तकों की जानकारी प्रदान की।

शिक्षक दिवस के आयोजन का उद्देश्य राष्ट्र के विकास में शिक्षकों का योगदान है। इस संदर्भ में वनस्पतिशास्त्र विभाग में आयोजित कार्यक्रम में एम.एस.सी. प्रथम एवं तृतीय सेमेसटी की छात्राओं ने विभिनन लेखक की पुरूतकों की जानकारी दी एवं ग्रुप बनाकर पेनल डिसकशन तथा बुक रीडिंग करवाई गई। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा खरे के निर्देशन में डॉ. सिद्धार्थ सिंह, डॉ. विकास त्रिपाठी, अमिता विश्वकर्मा, डॉ. सिम्मी मोदी द्वारा किया गया।



शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता
महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शिक्षक सम्मान
समारोह




शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता
महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शिक्षक सम्मान
समारोह

GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

# YUVA DIWAS

## f'k{kk ,slh gksuk pkfg, tks lkekftd ,oa ckSf)d fodkl djs & MkW- fljksfB;k

सागर 09.01.2023 : शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद केन्द्र सागर के संयुक्त समन्वय द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा दिवस की जयंती पर एक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सागर केन्द्र के संचालक श्री गौरव राजपूत जी द्वारा एक प्रेरक गीत ''जिनके ओजस्वी वचनों से गूँज उठा था विश्व गगन वही प्रेरणापुंज हमारे स्वामी पूज्य विवेकानंद'' द्वारा ऊर्जा का प्रवाह किया गया। डॉ. नील रतन पात्रा जी ने स्वामी विवेकानंद केन्द्र की जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी जी कन्या कुमारी से शिला तक समुद्र में तैरते हुए पहुँचे एवं वहाँ ध्यान लगाकर ज्ञान प्राप्त किया एवं सर्वधर्म सभा में शिकागो में भारत का प्रतिनिधित्व किया। केन्द्र का महत्व बताते हुए कहा कि केन्द्र राष्ट्र निमार्ण व चरित्र निर्माण के उद्‌देश्य से विभिन्न आयु के लोगों को वर्ग के माध्यम से तैयार करते है। महाविद्यालय की छात्रा हनी गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के बारे में संक्षिप्त वक्तव्य दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. श्याम मनोहर सिरोठिया जी का परिचय देते हुए डॉ. अंजना चतुर्वेदी जी ने बताया कि डॉ. सिरोठिया जी को गीतऋषि की उपाधि प्राप्त हुई है। सिरोठिया जी ने छात्राओं को आत्म चेतना व आत्म बल का महत्व समझाते हुए अपना, समाज का एवं देश का उत्थान करने हेतु प्रोत्सहित किया उन्होंने बताया कि महिला शक्ति ही आधार शक्ति है विकास का मूल महिला शक्ति में ही निहित है एक अच्छा गुरू जीवन की दिशा एवं दशा बदल सकता है। गुरू के चरण श्रद्धा से स्पर्श करने पर परम शक्ति प्राप्त होती है। डॉ. सिरोठिया जी ने स्वयं लिखित 17 पुस्तकों का काव्य संग्रह महाविद्यालय को भेंट किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया डॉ. इला तिवारी जी ने छात्राओं को स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरणा लेकर उनके सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया कार्यक्रम के अंत में डॉ. शैलेष आचार्य जी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपनी दिव्य ज्ञान ज्योति से हमें प्रकाशित किया है हमें उनका ऋणी रहना चाहिए उन्होंने कहा कि पुस्तकें सिर्फ शब्दों का भंडार नहीं है बल्कि विचारों का संग्रह है और विचार कभी मरते नहीं है हमेशा जीवंत रहते हैं। श्री उमाकांत मिश्र ने स्वामी विवेकानंद जी पर केन्द्रित पुस्तक छात्राओं को वितरित करते हुए कहा कि पुस्तक को मित्र बनाइए और सहजता में ज्ञानार्जन कीजिए। मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्पणा चाचोंदिया जी ने किया, कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे राष्ट्रीय सेवा योजना की वर्तमान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि माथुर एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
## COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com



GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

# HINDI DIWAS

## dU;k egkfo|ky; esa fgUnh fnol ds miy{; esa fuca/k izfr;ksfxrk

सागर दिनाक 16 सितंबर 2022, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में हिन्दी सप्ताह दिनांक 14 से 20 सितंबर के अंतर्गत ''मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्त्तव्यों में अर्न्तसंबंध'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 58 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महाविद्यालय की प्राचार्य उॉ. इला तिवारी ने छात्राओं के उत्साह की सराहना करते हुये कहा कि हिन्दी भाषा के ज्ञान का संवर्धन करना आवश्यक है, यह राष्ट्र की आत्मा है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अंशु सोनी ने कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है, हिन्दी का उपयोग हमें अपने दैनिक जीवन में शुद्ध और रचनात्मक रूप से करना होगा तभी हिन्दी का विकास होगा। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. सुनीता त्रिपाठी प्राध्यापक, डॉ. रजनी दुबे प्राध्यापक एवं डॉ. संजय खरे सह प्राध्यपक ने निभायी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. साक्षी गौड बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान कु. रिया राजपूत बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा कु. श्रुति कोरी बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान कु. हिमानी नामदेव बी.काम. तृतीय वर्ष तथा कु. टीना परिहार बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉ. सुनील श्रीवास्तव, डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव, डॉ. शक्ति जैन, डॉ. एस.के. गुप्ता, डॉ. प्रहलाद अहिरवार, श्रीमती अर्चना जैन, श्री शैलेन्द्र पटैल, श्री दिनेश पाण्डेय सहित अधिक संख्या में छात्रायें उपस्थित थीं।



* हिन्दी दिवस *
[निबंध प्रतियोगिता]




हिन्दी दिवस
(निबंध प्रतियोगिता)